तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 मंगल भवन और वाटरहेड टैंक कार्य का निरीक्षण



12 सभापति बनने के बाद पहली बार प्रकाश ने फहराया तिरंगा



## खबर संक्षेप

### बड़ी मात्रा में महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वहीं एक आरोपी फरार हो गया। मामले में पिथौरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि विजय राणा एवं विद्याधर राणा निवासी कलमीडीपारा डुमरपाली अपनी घर के बाडी में अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब काफी मात्रा में बिक्री हेतु रखे हुए हैं। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर एक व्यक्ति फरार हो गया, वहीं एक व्यक्ति मिला, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम विद्याधर राणा पिता नकुल राणा (33 साल) कलमीडीपा पारा डुमरपाली थाना पिथौरा होना बताया और फरार होने वाले व्यक्ति का नाम विजय राणा पिता नकुल राणा (31 वर्ष) कलमीडीपा पारा डुमरपाली थाना पिथौरा होना बताया। तलाशी के दौरान ड्रम में 45 लीटर एवं दो नग सफेद रंग की 10 लीटर क्षमता वाली जरकीन में भरा 10-10 लीटर कुल 65 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 13000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरोरा से पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद कर एक आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी शोभाराम यादव पिता गुलाब सिंह यादव (53 साल) के कब्जे से कुल 7 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नवापाली में



पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को मिलन यादव ने बताया कि लगभग 02 वर्ष पूर्व पितवास यादव के साथ अंधविश्वास की बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी पुरानी रंजिश को लेकर वह लगातार विवाद करता था। 27 जनवरी को लगभग दोपहर 01:30 से 2 बजे के मध्य वह अपने घर के सामने में बैठा था, कि पितवास यादव ने प्रार्थी को क्यों घूर-घूर कर देख रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट करने लगा। आरोपी ने बीच बचाव करने आए उसकी मां यशोदा यादव तथा छोटा भाई चंदन यादव के साथ भी झूमाझटकी की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# ऑनलाइन ठगी पर लगेगी लगाम, साइबर थाना की वर्चुअल शुरुआत

रहरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऑनलाइन खतरों से निपटने छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से महासमुंद सहित प्रदेश के 8 जिलों में नए साइबर पुलिस थानों की शुरुआत की। डिजिटल सुरक्षा के इस नए ढांचे में महासमुंद के अलावा बलौदाबाजार, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, जांजगीर-चांपा, जशपुर और राजनांदगांव जिले शामिल हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंकिंग फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसे गंभीर अपराधों पर लगाम लगाना है। जिला मुख्यालय में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय लंगेह और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल को डिजिटल इंडिया की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इन थानों के खुलने से अब साइबर ठगी के शिकार लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा और मामलों की जांच तकनीकी रूप से और अधिक तेजी से हो सकेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, सारिका वैद्य सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सरकार का यह कदम आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करने और डिजिटल अपराधियों के मन में खौफ भरने के लिए उठाया गया है।

### मुख्यमंत्री व गृहमंत्री ने 8 जिलों में साइबर थानों की शुरुआत की

#### विशेषज्ञों की टीम करेगी निगरानी

महासमुंद के पहले साइबर थाना प्रभारी के रूप में राजीव नाहर ने जिम्मेदारी संभाली है। उनके साथ तकनीकी रूप से दक्ष पुलिस अधिकारियों की एक विशेष टीम तैनात की गई है। कार्यक्रम में पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि यह थाना आधुनिक संसाधनों से लैस होगा, जिससे फर्जी कॉल और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों को सुलझाना आसान होगा।



#### पुलिस अधीक्षक की अपील, सतर्क रहें नागरिक

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध डिजिटल गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा करें। उन्होंने दो प्रमुख बातें दोहराई हैं कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें एवं अनजान लिंक या फर्जी कॉल पर अपनी गोपनीय जानकारी साझा न करें।

### उपज : 1.39 लाख से अधिक किसानों से 90 लाख क्विंटल धान खरीदी

# खरीदी का आज अंतिम दिन, 19 हजार के पास आखिरी मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में चालू खरीफ सीजन के लिए

- कई किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाएं हैं

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आज अंतिम दिन है। जिले के लगभग 19 हजार पंजीकृत किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक अपना धान केंद्रों तक नहीं पहुंचाया है। जिले में धान खरीदी के आंकड़े इस बार काफी बड़े हैं।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अब तक 1 लाख 39 हजार 525 किसानों से कुल 90 लाख क्विंटल से अधिक की धान की खरीदी की जा चुकी है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार आवक और किसानों की भागीदारी उत्साहजनक रही है। हालांकि, अंतिम दिन केंद्रों पर भारी भीड़ होने की संभावना है। किसानों के मन में भुगतान को लेकर कुछ सवाल थे, जिसका समाधान स्पष्ट कर दिया गया है। वर्तमान में किसानों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर भुगतान किया जा रहा है। राज्य सरकार ने प्रति क्विंटल 3100 रुपये देने का वादा किया है। एमएसपी और 3100 रुपये के बीच की जो अंतर राशि है, उसका भुगतान किसानों को बाद में एकमुश्त किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि इस अतिरिक्त राशि के भुगतान के लिए राज्य सरकार आगामी अनुपूरक बजट में विशेष प्रावधान करने जा रही है। इससे किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। आज शाम धान खरीदी का पोर्टल बंद हो जाएगा। समितियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो किसान टोकन लेकर केंद्र पहुंचेंगे, उनका धान अनिवार्य रूप से तौला जाए। जिले के किसान भी अंतिम दिन का लाभ उठाने के लिए सुबह से ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में धान भरकर केंद्रों की ओर रुख करेंगे।



#### ऋण वितरण और वसूली की स्थिति

खेती-किसानी के साथ-साथ वित्तीय लेन-देन में भी जिला प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। अब तक रबी फसल के लिए जिले के 2,442 किसानों को रबी सीजन के लिए अब तक 12 करोड़ 1 लाख 60 हजार रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। वहीं खरीफ फसल के दौरान ऋण लेने वाले 64,819 किसानों से अब तक 353 करोड़ 29 लाख 68 हजार रुपये की वसूली की जा चुकी है।

#### केंद्रों में धान का अंबार, उठाव की समस्या

एक तरफ जहां खरीदी रिकॉर्ड स्तर पर हो रही है, वहीं दूसरी ओर कई उपार्जन केंद्रों में धान जाम की स्थिति बनी हुई है। खरीदी केंद्रों से धान का उठाव उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पा रहा है। राइस मिलर्स द्वारा केंद्रों से धान का उठाव नहीं किया जा रहा है, जिससे केंद्रों में जगह की कमी हो गई है। वर्तमान में अधिकांश धान केवल संग्रहण केंद्रों तक ही भेजा जा रहा है। खुले में धान रखे होने और उठाव में देरी की वजह से सूखत बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि समय पर परिवहन नहीं हुआ, तो इसका सीधा नुकसान समितियों को उठाना पड़ सकता है।

# पितावली राइस मिल पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 26329 क्विंटल धान व 1733 क्विंटल चावल जब्त, 4 वाहन भी पकड़े गए

कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आज पितावली राइस मिल, महासमुंद में भौतिक सत्यापन की कार्रवाई की गई। सत्यापन के दौरान कई अनियमितता सामने आई। मंडी अभिलेखों के अनुसार खरीदा गया धान स्टॉक, राइस मिल परिसर में भौतिक सत्यापन के दौरान मेल नहीं पाया गया। इस गंभीर लापरवाही एवं नियम उल्लंघन को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राइस मिल को सील कर दिया। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पितावली राइस मिल, महासमुंद में की गई कार्रवाई के दौरान धान 26329 क्विंटल (65823 नग कट्टा) और चावल 1733.63 क्विंटल (3567 नग कट्टा) जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त मंडी द्वारा धान से भरे 04 वाहनों को भी जब्त कर थाना महासमुंद में अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।




# बकाया रकम वापस मांगने पर ज्वेलर्स संचालक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** बकाया रकम वापस मांगने पर ज्वेलर्स संचालक के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। नगर के महामाया मंदिर के पास भवानी ज्वेलर्स के संचालक व प्रार्थी हर्षवर्धन पिता अनिल चौधरी ने पुलिस को बताया कि 28 अगस्त 2023 को उसकी दुकान से गोलू सिन्हा पिता बसंत सिन्हा निवासी नयापारा ने सोने का मंगलसूत्र 27500 रुपए में लिया। जिसने मंगलसूत्र खरीदी के समय 10,000 रुपए जमा किया और शेष रकम में से दो किस्त में 4000 व 2000 और जमा की। इसके बाद शेष रकम रकम 11,500 रुपए एक महीने के अंदर दने की बात कही। लेकिन, महीने भर बाद भी शेष रकम 11,500 रुपये को मांगने पर टालमटोल करता रहा। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 26 जनवरी की शाम 05 बजे वह अपने घर से दुकान के लिये जा रहा था, इसी दौरान शीतला मंदिर के पास वार्ड नंबर 16 पुराना रावणभांठा महासमुंद के पास गोलू सिन्हा पहले से मौजूद था, जिससे उसने बकाया रकम वापस मांगा, तब आरोपी ने नहीं दूंगा, तेरे को जो करना है कर ले, कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से प्रार्थी के नाक, आंख के पास, मुंह में चोट आई और काफी खून बह गया। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# धान खरीदी की तारीख बढ़ाने कांग्रेस का चक्काजाम कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच विरोधाभास देखने को मिल रहा है। जहां सरकार इसे ‘ऐतिहासिक’ बता रही है, वहीं जमीनी स्तर पर किसानों की शिकायतों से स्पष्ट है की सरकारी दावे खोखले है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने मांग की है कि खरीदी की तारीख को कम से कम एक महीने (फरवरी के अंत तक) बढ़ाया जाए, क्योंकि लगभग 5.5 लाख किसान अभी भी अपना धान नहीं बेच पाए हैं। तो वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस संबंध में राज्यपाल को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने और तारीख बढ़ाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने पकहा की यदि सरकार किसान का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है तो स्पष्ट बताए क्योंकि सरकार की दाना-दाना धान खरीदने की मंशा कहीं दिखाई नहीं दे रही है। अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद भी किसान को टोकन जारी में सरकार कोताही बरत रही हैं। जो सरकार की कम धान खरीदी की मंशा को उजागर कर रही है। सरकार की ऐसी मंशा को देखकर किसान का दाना-दाना धान बिके इसलिए धान खरीदी की तारीख बढ़ाने सरकार पर दबाव बनाने कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में चक्का-जाम करने का निर्णय लिया है। कल दिनांक 30 जनवरी को कांग्रेस प्रदेश भर में सांकेतिक चक्का-जाम करेगी। वहीं महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर 30 जनवरी को श्रद्धांजलि देते हुए मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक स्तर पर धरना-प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा।

# धान खरीदी अव्यवस्था को लेकर किसान कांग्रेस का राज्यपाल को ज्ञापन

### 7 सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 28 को उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में धान खरीदी की गंभीर

- प्रदेश किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धान खरीदी व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था, प्रशासनिक उदासीनता और सरकार की नीतियों के कारण किसानों को हो रही परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने बताया कि प्रदेशभर में बड़ी संख्या में किसान अब भी अपनी उपज बेचने से वंचित हैं। खरीदी केंद्रों पर धान का उठाव नहीं होने से सोसायटियों में धान का अंबार लगा हुआ है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में किसान कांग्रेस द्वारा 7 सूत्रीय प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें धान खरीदी की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 तक बढ़ाने, आगामी चार दिनों के भीतर धान का त्वरित उठाव सुनिश्चित करने, किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान, लंबित एवं निरस्त टोकनों का शीघ्र निराकरण, वन पट्टा धारक किसानों की तकनीकी समस्याओं का समाधान, गिरदावरी के नाम पर हो रही रकबा कटौती पर रोक तथा टोकन सत्यापन के नाम पर किसानों के घरों में जाकर की जा रही जांच जैसी अपमानजनक प्रक्रिया को बंद करने की मांग शामिल है। किसान कांग्रेस ने कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों के घरों और कोठारों में जाकर धान की जांच करना उनके स्वाभिमान पर आघात है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन ने उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो 28 जनवरी को पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू सहित जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने राज्यपाल से अन्नदाताओं के हित में तत्काल हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की है।





### लोक परंपराओं के साथ शास्त्रीय, सूफी संगीत की प्रस्तुति

# तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 1 से 3 फरवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर स्थल सिरपुर में 1, 2 और 3 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं के साथ-साथ देश की शास्त्रीय, सूफी और आधुनिक संगीत विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी।

शुभारंभ अवसर पर प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी एवं उनकी बैंड टीम की विशेष प्रस्तुति प्रथम दिवस 1 फरवरी 2026 को महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर दोपहर 12 बजे से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। जिसमें फुलझरिया कर्मा पार्टी, बिलासपुर द्वारा कर्मा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच राजनांदगांव की लोक कला की झलक दिखेगी। दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक सिरपुर महोत्सव 2026 का उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। दोपहर 3:30 बजे से 4:10 बजे तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलाकारों द्वारा कत्थक एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 4:10 बजे से 4:20 बजे तक सुरेखा कामले एंड ग्रुप द्वारा ध्रुपत की प्रस्तुति, शाम 4:20 बजे से 4:30 बजे तक प्रो. डॉ. लवली शर्मा द्वारा सितार वादन की शास्त्रीय प्रस्तुतिं होंगी। शाम 4:30 बजे से 4:40 बजे तक निदेशक, संरक्षण



एवं विकास बौद्ध कला एवं सांस्कृतिक समाज मध्य भारत, नागपुर द्वारा तथागत नाटक, शाम 4:40 बजे से 4:50 बजे तक इंदिरा कला संगीत विद्यालय खैरागढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, शाम 4:50 से 5:00 बजे तक हिमानी वासनिक राजनांदगांव द्वारा भरथरी की प्रस्तुति होगी। वहीं शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक सुनील तिवारी लोक कला मंच, रायपुर का रंग-झांझर कार्यक्रम होगा। रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी एवं उनकी बैंड टीम, दिल्ली की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। द्वितीय दिवस 2 फरवरी को सायं 4 बजे से 4:40 बजे तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा क्लासिकल वोकल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट, तबला वादन एवं सुगम संगीत की प्रस्तुतियाँ होंगी। शाम 4:40 बजे से 4:50 तक सूफी स्पिरिचुअल म्यूजिक, शाम 4:50 बजे से 5:00 बजे तक कबीर संगीत संध्या की प्रस्तुति होगी। शाम 5:00 बजे 5:15 बजे तक संरक्षण एवं विकास बौद्ध कला एवं सांस्कृतिक समाज मध्य भारत, नागपुर द्वारा थेरीगाथा नाट्य प्रस्तुति एवं शाम 5:15 बजे से 5:30 बजे तक भरतनाट्यम नृत्य का आयोजन किया जाएगा। शाम 5:30 बजे से 7 बजे तक पुष्पा साहू, भिलाई द्वारा नवा किस्मत लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी। रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक इंडियन आइडल फेम 10 के नितिन कुमार, इंडियन आइडल फेम 12 के नचिकेत लेले एवं वैशाली रायकवार अपनी गायन प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

# अवैध चखना सेंटरों पर चला बुलडोजर, बागबाहरा रोड हुआ अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सितली नाला शराब दुकान के समक्ष पूर्व में घटित हत्या व आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, लोगों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने नगर पालिका परिषद की बैठक में बागबाहरा रोड पर संचालित अवैध चखना दुकानों को हटाने का निर्णय लिया गया था।

जिसके परिपालन में आज नगर के बागबाहरा रोड पर संचालित अवैध चखना सेंटरों को हटाया गया। पालिका टीम द्वारा आज जेसीबी चलाकर ठेलो व मलबे हटाए गए। साथ ही ठेलों को जब्त भी किया गया। चखना सेंटरों के कारण सड़क किनारे नशेड़ियों की भीड़ जमा हो जाती थी। साथ ही चखना सेंटर के समक्ष वाहनों को खड़े कर देने से रोड सकरी होने के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा था। जिसे पूर्व में परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में आज बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया गया। पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि चखना दुकानों के सामने नशेड़ियों द्वारा खुलेआम नशाखोरी तथा अप्रिय घटनाओं को अंजाम दिए जाने की शिकायतें मिली थी। जन सुविधा व नागरिकों के हितों तथा सुगम यातायात



व्यवस्था के दृष्टिगत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने अवैध रूप से चखना सेंटर संचालकों को चेतावनी दी है कि यदि पुनः चखना सेंटर का संचालन किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### दुकालू और परमेश्वर बने सांसद प्रतिनिधि

**नर्रा।** सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न ब्लाकों और प्रमुख विभागों के सुचारू संचालन के लिए प्रतिनिधियों की नियुक्त की है। उन्होंने क्षेत्र की जनता और प्रशासन के बीच समन्वय बनाने के लिए विश्वास पात्रों को जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें स्कूल शाला प्रबंधन समिति एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में दुकालूराम पटेल नर्रा निवासी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली में परमेश्वर पटेल परसुली निवासी को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर मरार समाज नर्राराज के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है संयोजक लोचन पटेल संरक्षक सेतराम पटेल अध्यक्ष पुरुषोतम पटेल कार्यकारी अध्यक्ष माखन पटेल संगठन महामंत्री पदुमलाल पटेल महासचिव नेतराम उपकोषाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल सचिव चंदन पटेल कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्ण पटेल महिला प्रकोष्ठ के बसंती पटेल एवं प्रदेश मरार समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल इत्यादि ने हर्ष जता कर महासमुंद लोक सभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### गुड शेफर्ड स्कूल में बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना एवं बसंत पंचमी पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, उनके बलिदान और देशभक्ति पर प्रकाश डाला गया। देविका ने बताया कि नेताजी का जीवन हमें साहस, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं कविता पाठ भी प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के उप-प्राचार्य मिताली गुरूंग ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार एवं देशसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। डॉली शर्मा ने मधुर सरस्वती वंदना से बसंत पंचमी उत्सव को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन यास्मीन बेगम एवं प्रेरणा साहू ने संयुक्त रूप से किया।

### वेडनर स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने राष्ट्र ध्वज फहराया। प्राचार्य ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा देश प्रजातांत्रिक देश है भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हम सभी नागरिकों को एकजुट होकर रहना होगा, सभी को समान समझें, संविधान में बने नियमों का पालन करें तभी हमारा देश उन्नति के शिखर पर पहुंचेगा। उपशाला नायक शौर्य शर्मा ने भी अपने भाषण में कहा कि हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उन सैनिकों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। जिनके अथक प्रयास आज हम स्वतंत्र है। इसी क्रम में छात्र विधान यदु ने संविधान में बने नियमों का पालन करने की बात करते हुए कहा कि सही मायने में स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व के आधार पर ही देश का विकास संभव है। पार्थ साहू ने देश भक्ति से ओत-प्रोत सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किए, जो विकसित भारत' और नारी शक्ति थीम पर आधारित थे। मुख्य आकर्षण छात्रों ने मिनी स्टेडियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें सांस्कृतिक विविधता दिखाई गई। इस मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर शील्ड हासिल किए। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी श्रुति चंद्राकर ने किया।

# विधायक ने भगवा ध्वज लहराकर किया अयोध्या के लिए तीर्थयात्रियों को रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत बुधवार को महासमुंद से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री भगवान रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं की कुशलता की कामना करते हुए भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया।

इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने यात्रियों से कहा कि आप सभी रामलला दर्शन के पुण्य कार्य में शामिल होने जा रहे हैं। आगे कहा कि प्रभु श्रीराम से आप सभी के मंगलमय यात्रा की कामना करता हूं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से राज्य के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अपने आराध्य देव के दर्शन के लिए लोग बढ़-चढ़कर यात्रा के लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली हमारी सरकार कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इसमें यह योजना भी प्रमुख रूप से चलाई जा रही है। वर्षों के इंतजार के बाद रामलला अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हुए हैं। जिनके दर्शन का पुण्य लाभ हमारे राज्य के लोगों को भी मिल रहा है। साथ ही कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कदम उठाया है। इस योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड के तीर्थयात्री लाभान्वित हुए हैं। आगे भी इस योजना के तहत राज्य के लोग निरंतर अयोध्या धाम का दर्शन करेंगे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता धर्मेंद्र महोबिया, माखन पटेल सहित अन्य उपस्थित थें।

# श्रीरामलला दर्शन के लिए पिथौरा से तीर्थ यात्री हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के अंतर्गत बुधवार को पिथौरा जनपद पंचायत परिसर से श्रद्धालुओं का एक बड़ा दल आस्था और उमंग के साथ अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान हुआ। जनपद अध्यक्ष उषा घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा रिक्की एवं किशोर बघेल ने जय श्रीराम के नारों के साथ यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए रवाना किया। श्रीरामलला दर्शन योजना उन हजारों श्रद्धालुओं के लिए आशा की किरण बनी है, जो लंबे समय से अयोध्या धाम के दर्शन करना चाहते थे, परंतु आर्थिक या अन्य कारणों से यात्रा पूरी नहीं कर पा रहे थे। इस योजना ने वरिष्ठ नागरिकों सहित आमजन को सुरक्षित, सम्मानजनक और पूर्णतः निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर उपलब्ध कराया है। यात्रियों के ठहरने, भोजन, पानी, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का सुव्यवस्थित प्रबंधन किया गया है, ताकि वे अपनी आध्यात्मिक यात्रा निश्चिंत होकर पूरी कर सकें। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। सभी ने तीर्थ यात्रियों की सुखद, मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की कामना की। राज्य शासन की यह पहल न केवल धार्मिक आस्था के सम्मान का संदेश देती है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और मूल्यों को संरक्षित रखने की दिशा में एक सार्थक कदम भी है।

### सामान्य वर्ग के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों की बैठक आज

**महासमुंद।** उच्च शिक्षण संस्थाओं में जातिगत समानता हेतु विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा 13 जनवरी 2026 को लाए नियम से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के विरुद्ध सम्भावित दमनात्मक कार्रवाई के विरुद्ध 29 जनवरी गुरुवार को शाम 5 बजे सामान्य वर्ग के पदाधिकारी व प्रतिनिधियों की वृहद बैठक ब्राह्मण समाज भवन में होगी। जिसमें ज्ञापन सौपने व विरोध के प्रारूप के सम्बंध में आवश्यक चर्चा की जाएगी। इस संबंध में 28 जनवरी को भी बैठक हुई। जिसमें प्रमोद तिवारी, होरीलाल पांडेय, अश्वनी तिवारी, सुशील शर्मा, भरत ठाकुर, मनीष श्रीवास्तव, विपिन बिहारी महंती, अरुणेंद्र धर दीवान, दीपक तिवारी, देवेंद्र दुबे, महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, चंदबदन मिश्रा, महेश शर्मा, हितेश पांडेय, अनुज शर्मा, राजेश शर्मा, डॉ मंजू शर्मा, अभिनव तिवारी, अभिषेक पांडेय, सूर्या प्रताप परिहार, देवनारायण सिंह बिसेन, एस के पचौरी, विक्रम सिंह ठाकुर, विपिन शर्मा, सूर्य प्रकाश त्रिवेदी, चंदन सिंह गौर, संजीव कुमार राजा, नितेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रमोद तिवारी ने सामान्य वर्ग के प्रतिनिधियों से उपस्थित की अपील की है

# गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के धृतलहरे हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरायपाली में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी के पद पर पदस्थ टी.आर. धृतलहरे को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वर्ष 2024-25 के दौरान विकासखंड सरायपाली में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गईं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रथम तिमाही में 99 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र की समस्त पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी (एंटीनैटल केयर) परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत 91.93 प्रतिशत सिकलसेल जांच पूर्ण की जा चुकी है, जो समयबद्ध एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत मीडिया कवरेज सुनिश्चित कर जन जागरूकता के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर धृतलहरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सम्मानित होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुणाल नायक को देते हुए कहा कि इनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह सफलता संभव हो सकी।

### धान खरीदी के अंतिम चरण में कांग्रेस को याद आए किसान, सरला कोसरिया ने विधायक के धरने को बताया नौटंकी



**सरायपाली।** धान खरीदी के अंतिम चरण में कांग्रेस द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ नेत्री सरला कोसरिया ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरायपाली अनुविभागीय कार्यालय के सामने स्थानीय विधायक चातुरी नंद द्वारा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर किए गए धरना-प्रदर्शन को महज राजनीतिक नौटंकी करार दिया। सरला कोसरिया ने कहा कि धान खरीदी की शुरुआत से ही कांग्रेस किसानों को भ्रमित करने और सरकार के विरुद्ध भड़काने का कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान अब कांग्रेस के किसी भी झांसे में आने वाले नहीं हैं, क्योंकि उन्हें राज्य की साय सरकार पर पूर्ण भरोसा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित तरीके से धान खरीदी कर रही है। इसी का परिणाम है कि महासमुंद जिले में अब तक लगभग 9 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### दुर्गा चौक में हुआ ध्वजारोहण

**महासमुंद।** 77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय दुर्गा चौक गुड़रुपारा में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आलोक श्रीवास्तव, संजय यादव, रामकुमार तिवारी, प्रकाश मानिकपुरी, संजय नामदेव, गोलू नामदेव, मातृ शक्ति में सेतकुंवर कन्नौजे, पार्वती चंद्राकर, रमा यादव, कुमारी साहू, नीतू नामदेव, पूर्णिमा नामदेव उपस्थित थे।

### देवांगन समाज का अधिवेशन आज

**कोमाखान।** सुअरमाल राज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन कल 29 जनवरी से शुरू होगा। उक्त समाज के अध्यक्ष पीलू राम देवांगन ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना पश्चात बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। जिसमें कई विभिन्न विषयों के अलावा समाज उत्थान को लेकर विस्तृत चर्चा के अलावा समाज हित में भी विचार विमर्श किया जायेगा तथा अधिवेशन में मिले जो भी आवेदन पर चर्चा व सर्वसम्मति से निर्णय लेने का प्रयास किया जायेगा। इससे पहले अतिथियों का स्वागत सत्कार सामाजिक सदस्यों, कार्यकारिणी के अलावा बंधुओं द्वारा किया जायेगा। तदुपरांत समाज की वार्षिक आय-व्यय समाज के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। जबकि, द्वितीय सत्र दोपहर 12 बजे की बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के अलावा जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद देवांगन उपस्थित होकर सामाजिक जनों को संबोधित करेंगे। इन सबके अलावा समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कार्यकारिणी का चुनाव भी होगा। बहरहाल, आज का उक्त अधिवेशन कोमाखान स्थित देवांगन भवन में रखा गया है।

## राधाकृष्ण मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए विधायक



**बागबाहरा।** ग्राम ठकुरीपाली में राधाकृष्ण मंदिर के उद्घाटन समारोह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मंदिर समाज की आध्यात्मिक समृद्धि और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आशीर्वाद एवं प्रेरणा स्रोत बनेगा। बीते दिनों ग्राम ठकुरीपाली में मेहत्तर यादव व सुकालू यादव के परिवार की ओर निर्मित राधा कृष्ण भगवान के मंदिर का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। विधायक यादव ने नवनिर्मित राधाकृष्ण मंदिर में श्रीराधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। इस दौरान प्रमुख रूप से सिरपुर महासभा अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, जिलाध्यक्ष विनोद यादव, राज अध्यक्ष डोमार यादव, सरपंच तिलेश, जनपद सदस्य पिलेश्वर पटेल, रघुनाथ साहू सहित मंदिर निर्माणकर्ता मेहतर यादव, महेंद्र सुकालू यादव सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

### अंचल में शासकीय भवनों तथा चौक चौराहे पर लहराया तिरंगा

**नर्रा।** भारत के गौरवशाली 77 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर भ्रमण किया। इस मौके पर शासकीय अर्ध शासकीय भवनों के अलावा ग्रामीण अंचल के गांवों के चौक चौराहे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इसी तरह शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष टेकराम पटेल ने ध्वजारोहण किया। नर्रा सोसायटी में अध्यक्ष कलाराम नायक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ग्राम पंचायत बिंद्रावन में सरपंच गायत्री ठाकुर ने फहराया तिरंगा। ग्राम पंचायत उखरा में सरपंच प्रीतम चौधरी, ग्राम पंचायत झिटकी में सरपंच कौशिल्या नूतन पटेल, ग्राम पंचायत पंडरीपानी में सरपंच लीलाबाई दीवान, ग्रापं नर्रा में नामेश्वरी दीवान, ग्राम पंचायत परकोम में सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, ग्राम पंचायत राटापाली में सरपंच पूर्णिमा सोनवानी, ग्राम पंचायत परसुली में सरपंच जल सिंह चक्रधारी, ग्राम पंचायत खट्टी में सरपंच खिलेश्वरी यादराम सिन्हा, ग्राम पंचायत उखरा प्रीतम चौधरी, ग्राम पंचायत कुसमी में सरपंच कोमल पटेल, परसुली सोसायटी में अध्यक्ष लोचन पटेल, बुढ़ादेव हाई स्कूल परसुली में अध्यक्ष आनंद चक्रधारी ने ध्वजारोहण किया।



### शिक्षकों का हुआ सम्मान

**नर्रा।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पटपरपाली में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत का गौरव बढ़ाने वाले गिरवर साहू, बालेश साहू छत्तीसगढ़ पुलिस में चयनित होने एवं हंसराज यादव को केंद्रीय पुलिस बल में चयन होने पर ग्राम पंचायत पटपरपाली के सक्रिय पंच मुकेश कुमार गुप्ता के द्वारा फल शाल शील्ड देकर सम्मानित किया गया, इसी कड़ी में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक प्राचार्य, केवल टंडन, सुमन चंद्राकर, प्रतीक चंद्राकर पूर्व माध्यमिक शाला पटपरपाली, एवं फिरोज सिंह ठाकुर, प्राथमिक शाला पटपरपाली, गमला यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ब्राम्हणडिही, मीना साहु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पटपरपाली, मितानिन कमलेश्वरी साहू, पटपरपाली वार्ड पंच एवं समाज सेवी मुकेश गुप्ता के द्वारा ससम्मान किया गया, इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप सरपंच लता कमलेश टांडे, मुकेश गुप्ता, राजू कल्पना तिवारी, हवंत साहू, केशराम साहू, मोहन साहू, सुनीता साहू, थलेश्वरी साहू, रामचंद्र यादव, कनक साहू, चुनूक साहू, भुवन साहू, मनोज चंद्राकर, बुलंद यादव, सुरीत साहू, अशोक यादव, संजय उपाध्याय, तोषराम साहू, सुमित यादव, राकेश साहू समेत ग्राम प्रमुख के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खुटेरी में शिक्षक पालक सम्मेलन आयोजित

**अरंड(पिथौरा)।** पिथौरा ग्राम खुटेरी में मिडिल स्कूल खुटेरी के प्रांगण में सामुदायिक सहभागिता योजना अंतर्गत शिक्षक पालक सम्मेलन सह माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी नरेश पटेल के संयोजन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच सुशीला मांझी सहित उनके पंचायत प्रतिनिधि गण एवं पालकों, शाला प्रबंधन समिति का विशेष योगदान रहा।



विकासखंड स्तरीय इस शैक्षिक आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, अध्यक्षता कर रहे ब्रह्मानंद पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, विशेष अतिथि के रूप में स्वप्निल तिवारी प्रदेश सदस्य भाजपा कार्य समिति, दीपक भानु प्रताप सिंह दीवान जनपद पंचायत सदस्य पिथौरा, पुरुषोत्तम धृतलहरे जनपद पंचायत सदस्य पिथौरा, मनराखन ठाकुर पत्रकार, सुशीला विश्वनाथ माँझी सरपंच खुटेरी, घनश्याम धांधी भूतपूर्व सरपंच खुटेरी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वय महेश ध्रुव एवं हंसराज निषाद, प्राचार्य नमोकंकड़ प्रसाद तिवारी अरंड, नरेश पटेल बीआरसी पिथौरा, गौरव चंद्राकर पत्रकार शिक्षाविद, प्राचार्यगण रविलाल पंडा किशनपुर, शंभू शंकर मिश्रा पूर्व प्राचार्य अरंड, भूमेंद्र बघेल प्राचार्य कौहाकुड़ा, सुरेंद्र भोई प्राचार्य बरनाईदादर उप सरपंच गैसराम पटेल, ग्राम प्रमुख दशरथ साहू उपस्थित थे।

स्वागत उद्बोधन करते हुए बीआरसी नरेश पटेल ने सामुदायिक सहभागिता पर समुदाय के क्या योगदान होने चाहिए पर अपनी प्रस्तावना रखे। पश्चात स्वप्निल तिवारी ने अपने संबोधन में गुरुजनों की प्रेरणा और अपने वरिष्ठ के मार्गदर्शन से ही हम आगे बढ़ पाते हैं, के उद्धरण बताए। जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने इस भव्य आयोजन के लिए आभार मानते हुए प्रबंध समिति बालकों छात्रों माताओं के बीच आपसी समन्वय की बात कही। आगे अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि समाज में गांव, मोहल्ला, अभिभावक, स्थानीय लोग और संस्थाओं के सहयोग से ही हम बच्चों के लिए संसाधन जुटाकर उन्हें सफल कर सकते हैं। आज के मुख्य अतिथि के रूप में उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने अपनी बात कहते हुए कही कि हमें बच्चों के प्रवेश से लेकर विभिन्न बैठकों पीटीएम में उपस्थित होकर घर-घर संपर्क कर बच्चों को योग्य व सफल बनाना है।

शिक्षाविद गौरव चंद्राकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे बच्चे कल के भविष्य हैं और इन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए गांव के युवा साथी प्रबंध समिति पालक एनजीओ संस्था सब के समन्वय से शैक्षिक वातावरण बनाने का प्रयास हम सबको करना चाहिए। बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन समग्र खुटेरी स्टाफ ने किया कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक डोलामणि साहू ने किया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में विशेष रूप से समन्वयक रोहिणी देवांगन अरंड, प्रधान पाठक पालेश्वर पटेल, अभिनंदन नाग, नरसिंग पटेल, अनीता बरिहा, कुमुदिनी बरिहा, विश्वनाथ माझी, बालाराम दीवान, उत्तम साहू, नेपाल सिंह जगत, हेमसागर बगरती, लंबोदर मलिक, खिरेश्वर प्रधान, खगेश्वर डड़सेना, प्रदीप कर, लखन कुर्रे, कमलेश नायक, शिशुपाल प्रधान, राजाराम पटेल, अक्षय साहू प्रभारी प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य यशवंत साहू, साहेब लाल नायक, अशोक पटेल, लाभों राम ठाकुर, पद्मनलाल चौधरी, लोरिस कुमार, राजेंद्र कुमार मार्कण्डे, लोकनाथ सिन्हा, टीकम पटेल, जेठूराम पांडे, जितेंद्र पटेल, दिलीप कुलदीप, अनिल राय, तेजराम यादव, योगेश पटेल, दुष्यंत चौधरी, खेमू निषाद, प्रेम नारायण श्रीवास, किशोर पटेल, मनोहर साहू, सहित पूरे विकासखंड से आये शिक्षकों, समन्वयक जन, पालक प्रबंध समिति सदस्यों और ग्राम खुटेरी के नागरिकों की उपस्थिति रही।

### सुकुलबाय में स्कूल में हुए कई कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुकुलबाय में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:30 बजे प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा देशभक्ति नारों और गीतों का गायन करते हुए ग्राम भ्रमण किया गया। इसके पश्चात पंचायत एवं आंगनबाड़ी प्रांगण में तिरंगा फहराया गया तथा विद्यालय प्रांगण में विधिवत ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत संकुल समन्वयक धरम पटेल, शिक्षकगण हर्ष प्रताप मन्नाडे, लक्ष्मण ध्रुव, राकेश कुमार यादव, चित्रलेखा साहू, उर्मिला यादव, रामनाथ यादव तथा उनके माता-पिता समारीन यादव, संतराम यादव, बुआ-फूफा संतरीबाई यादव एवं डेरहा यादव द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के सफाई कर्मी कोमल दीवान एवं असवन बरिहा द्वारा भी माँ के नाम पौधा रोपित किया गया। विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु स्वर्गीय हरेलिया बाई यादव (दादी) की स्मृति में निर्मित फव्वारे का लोकार्पण शिक्षक रामनाथ यादव एवं उनके परिवारजनों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया तथा फव्वारा विद्यालय को समर्पित किया गया। मध्यान्ह भोजन के उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक, पारंपरिक गीत, नृत्य एवं प्रहसन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।



### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का किया स्वागत

**महासमुंद।** जिले के विधानसभा सरायपाली के ग्राम चनाट में विधायक चातुरी नंद द्वारा आयोजित गणतंत्र यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने जाने के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब भूपेश बघेल एनएच 6 में मुंगई माता मंदिर के समक्ष जोरदार स्वागत किया गया। फूल माला के साथ बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं और किसानों ने उनका बड़ी आत्मीयता के साथ स्वागत किया और किसानों की समस्या को लेकर भी पूर्व मुख्यमंत्री अवगत हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत झारा सरपंच चंद्रकला जांगड़े, चंद्रशेखर भट्ट, ओमप्रकाश निषाद, संजय चंद्राकर, जितेंद्र क्षत्रिय, इंद्रकुमार चौहान देवकुमार ध्रुव, नेमीचंद ध्रुव, केशो दीवान, खेदू ध्रुव, लतेल महारा, पप्पू दीवान, चोवाराम ध्रुव, गोविंद दीवान, तुलस दीवान, दादू निषाद, भाव ध्रुव, सविता निर्मलकर, सत्यभामा दीवान, रुक्मणि निराला, सुमन निर्मलकर, रंभा दीवान, मंगली भुजिया, गंगा भट्ट, चंदा दीवान, पुष्कर ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### बिरकोनी में रंगारंग प्रस्तुतियां के साथ वार्षिकोत्सव

**बिरकोनी।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी में वार्षिक उत्सव का आयोजन 27 जनवरी को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर, विशेष अतिथि जनपत सदस्य विष्णु साहू, उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, एसएमसी अध्यक्ष गोकुल सोनवानी, एमसी उपाध्यक्ष, पोषण साहू, मन्नू/ईश्वरी मालेकर, बलराम पटेल, शत्रुघन यादव, गोविंद साहू, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदन कुमार चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण व दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत गीत, सुआ नृत्य, सरगुजिया नृत्य, पंथी नृत्य गौरी-गौरा गौरी नृत्य, जावरा नृत्य, जस गीत, फाग गीत, कविता, सोशल मीडिया आधारित नाटक, उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने अधिक तालियां बटोरे। कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी अतिथियों व पालकों ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। प्रतिभागी उचित ईनाम पारितोषित पाकर, उत्साहित हुए। प्रधापाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, प्रधानपाठक देवचरण साहू, शिक्षक शैल सोनवानी, शारदा जोशी, द्रोपती दीवान, सहायक शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति, संगीता साहू, मुकेश कुमार प्रजापति, अनंत कुमार ध्रुव, मेघा ध्रुव एवं संकुल समन्वयक सहदेव ध्रुव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गायत्री मंदिर में हुआ ध्वजारोहण

**महासमुंद।** गायत्री मंदिर बेमचा में ध्वजारोहण बेमचा महासमुंद गायत्री मंदिर में गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। राष्ट्रध्वज का गायत्री मंत्रोच्चार से पूजन कर गांव के सबसे बुजुर्ग नारायण चंद्राकर एवं उपजोन समन्वयक एमएल साहू ने ध्वजारोहण किया साथ में समीपस्थ प्रज्ञा चौक का ध्वजारोहण वरिष्ठ गायत्री उपासक राम टहल निषाद एवं सेवा निर्वित सुपरवाइजर मोहनलाल साहू ने किया। राह में चलने वाले भी सावधान खड़े होकर राष्ट्रध्वज का सम्मान करते हुए राष्ट्रगान गायन किया। भगत गुरुजी ने सभा को संबोधित किया इस पवन कार्य में एमएल साहू, भगत गुरुजी मोहनलाल, सुलालू निषाद, राधेश्याम चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, दुर्गा विश्वकर्मा, राम टेलर, प्यारेलाल यादव, राधा, नैना, लोकेश्वरी, पूजा साहू, पुन्नी, संतोषी, आदि भी उपस्थिति रही। उक्त जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी।

### जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जन चौपाल में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने जिले के आमजनों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। रूमेकेल निवासी परसराम ध्रुव ने बैटरी चलित ट्राइसाइकिल हेतु आवेदन किए। ग्राम छपोराडीह के ग्रामवासियों ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने हेतु, ढोड निवासी रोहित कुमार साहू ने विकलांगता को ध्यान में रखकर रोजगार दिलाने हेतु, ग्राम कोल्हा कीमीना साहू ने वारिसान पंजीयन हेतु, ग्राम कुसमी के ग्रामवासियों ने गांव के शासकीय चारागाह एवं घास जमीन से अतिक्रमण हटाने हेतु एवं बरबसपुर निवासी चंद्रप्रकाश साहू ने पंजीयन धान सोसाइटी में बिक्री हेतु अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु आवेदन किए।

## गड़बड़ी : वन विभाग की लापरवाही से सैकड़ों पौधे जले

# कागजों में हरियाली, ज़मीन पर राख, कैंपा मद के कार्य में गड़बड़ी उजागर!







हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा राज्य कैंपा मद से किए गए वृक्षारोपण कार्य के तहत ग्राम सिंघरुपाली के कक्ष क्रमांक 51 में वर्ष 2024-25 के दौरान किए गए सिंचित मिश्रित वृक्षारोपण में लगाए गए हजारों पौधे आग की भेंट चढ़ गए। इस घटना में करीब 8 हेक्टेयर क्षेत्र में लगे सैकड़ों पौधे पूरी तरह जल गए।

जानकारी के अनुसार, 20 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 20 हजार फलदायक व इमारती पौधे लगाए गए थे। शासन द्वारा इस कार्य पर लाखों रुपए खर्च किए गए, लेकिन मौके पर न तो समुचित सिंचाई व्यवस्था पाई गई और न ही आग से बचाव के इंतजाम किए गए। विभागीय रिकॉर्ड में प्रत्येक पौधे तक पानी पहुंचाने के लिए बोर खनन और पाइपलाइन बिछाने का उल्लेख है, लेकिन स्थल निरीक्षण में सामने आया कि बोर में न पंप लगाया गया है और न ही विद्युत कनेक्शन मौजूद है।

### तीन जगह, एक मशीन से आग बुझाने में देरी

स्थानीय लोगों ने बताया कि मजदूरों की कमी के कारण समय पर घास की कटाई नहीं हो सकी। पास के किसान द्वारा खेत में लगाई गई आग ने जंगल क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। रामपुर, डूमरपाली और सिंघरुपाली तीनों जगह के लिए केवल एक ही फायर फाइटिंग मशीन है, जो वनरक्षक भागा साहू के पास रहती है। मशीन मंगाने में समय लग गया और तब तक पौधे जलते रहे।

### जांच-कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि कैंपा मद से हुए सभी कार्यों की ऑडिट जांच हो, भौतिक सत्यापन रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

## कांग्रेस भवन में हर्षोल्लास से मना 77वां गणतंत्र दिवस

# जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस भवन में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह राष्ट्रभक्ति, उत्साह और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के मूल्यों, लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर यादव ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने और संविधान की गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया गया।

समारोह के उपरांत सेव-बूंदी का वितरण कर उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मड़ई-मेला आपसी भाईचारा व मेल-मिलाप का सबसे बड़ा माध्यम : राहुल चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम अछरीडीह (नयापारा) में 27 जनवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र व ग्राम देवी-देवताओं की पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली व किसानों की समृद्धि की प्रार्थना की। रात्रिकालीन कार्यक्रम मां के ममता छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम चिखली (बांधाबाजार) जिला मोहला मानुपर का कार्यक्रम हुआ।



मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि मड़ई मेला हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान हैं। ये आयोजन न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप का सबसे बड़ा माध्यम हैं। उन्होंने अछरीडीह के ग्रामीणों को पारंपरिक उत्सव को पूरी भव्यता के साथ मनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि मड़ई मेला में हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसका आनंद लेने का अवसर प्राप्त करते हैं। साथ ही समाज के साथ जुड़ने तथा सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का एक प्रमुख माध्यम है। इस अवसर पर जनपद सदस्य विष्णु साहू, परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष छविराम साहू, भाजपा कार्यकर्ता मानिक सोनवानी, विजय साहू, डॉ भुनेश्वर साहू सहित सरपंच उप सरपंच भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण माताएं-बहनें, छोटे बच्चे व युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## किसानों की उपज की खरीदी की समय सीमा में वृद्धि नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन : कृष्णा

**महासमुंद।** पूर्व कार्यकारी नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने राज्य के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को पत्र प्रेषित करते हुए प्रदेश में समर्थन मूल्य की धान खरीदी की समय सीमा को आगे बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में बहुत से किसान अपनी उपज सोसाइटी तक नहीं ले जा पाए हैं ऐसे किसानों को राहत देना चाहिए जो अपना धान किसी कारण वर्ष नहीं बेच पाए हैं राज्य सरकार को किसानों की समस्या का ध्यान रखते है तत्काल धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की घोषणा करनी चाहिए। श्री चंद्राकर ने कहा कि अगर धान खरीदी की समय सीमा में बढ़ोतरी की घोषणा नहीं होती है तो वे महासमुंद के किसानों के साथ बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि सरकार अगर किसानों की महती मांगों पर विचार नहीं करेंगी तो आने वाले दिनों में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया जाएगा किसानों के धान की खरीदी की समय सीमा बढ़ाने के लिए कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि वे लगातार किसानों के संपर्क में किसानों की फसल अभी तक पूरी बिक नहीं पाई है जबकि धान खरीदी की तिथि समाप्त होने वाली है ऐसे में किसान चिंता में पड़ गए हैं कि कैसे वे तय तिथि तक अपनी उपज बेच पाएंगे। राज्य सरकार जो किसानों की उपज का एक-एक दाना खरीदने का दावा करती है, ऐसी सरकार को अपने वादे के मुताबिक कार्य करना चाहिए और तत्काल धान खरीदी की समय सीमा में बढ़ोतरी की घोषणा करनी चाहिए।



# झूठे प्रकरण पर न्यायालय ने प्रतिवादियों को किया दंडित, क्षतिपूर्ति के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजने तथा

- प्रकरण में दोषमुक्त पाए जाने के बाद वादी ने न्यायालय में की थी याचिका दायर

विद्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरूद्ध न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए प्रार्थी को 2 लाख रुपए क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व पार्षद व आरटीआई तथा सामाजिक कार्यकर्ता पंकज साहू परिवार सहित जेल में निरुद्ध रहे। पश्चात जमानत पर बाहर आए। उसके बाद 2019 में न्यायालय द्वारा पंकज साहू सहित सभी को दोषमुक्त किया गया।



दोषमुक्ति के बाद पंकज साहू ने गृह विभाग एवं पुलिस महानिरीक्षक से शिकायत कर टीआई प्रमिला मंडावी के विरुद्ध विभागीय जांच करवाया। जिसमें मंडावी को झूठे रिपोर्ट में कार्रवाई के लिए दोषी पाया गया और विभागीय दण्ड दिया गया। पश्चात पंकज साहू ने 2022 में महासमुंद न्यायालय में विद्वेषपूर्ण अभियोजन व झूठे रिपोर्ट में जेल भेजने के लिए क्षतिपूर्ति 2 लाख रुपए का वाद दायर किया। जिसमें चमेली देशलहरा, प्रमिला मंडावी को श्रीमान सचिव गृह विभाग छग शासन द्वारा कलेक्टर महासमुंद को प्रतिवादी के रूप में संयोजित किया। दायर वाद में न्यायालय द्वारा 15.01.2026 को आदेश पारित किया गया है। जिसमें प्रतिवादी क्रमांक 01 चमेली देशलहरा और प्रतिवादी क्र.02 प्रमिला मंडावी से संयुक्त रूप से 2 लाख रुपए झूठे रिपोर्ट में कार्रवाई के कारण क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय करने के आदेश किया गया है। उक्त वाद हेतु पंकज साहू ने न्याय शुल्क के रूप में 23,800 रुपए जमा किया था, जो वापस मिलेगा।



### खरियार रोड नगर के उत्कल चौक में मास एसोशियन के द्वारा किया ध्वजारोहण

**नर्रा।** खरियार रोड नगर के उत्कल चौक में मास एसोशियन के द्वारा 77 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुनेद भाई ने भारत माता की पूजा अर्चन कर ध्वजारोहण किया इस दौरान मास एसोशियन के सभापति अनिल नायक सचिव हमीद असरफी सोनू सुना और कैशियर अनिल सोनी जगदीश मंजूमदार, गोलू भाई, अजय सेनानी, महेश शर्मा, रवि पिल्लई, सैंकी बैस इत्यादि उपस्थित रहे। ध्वजारोहण पश्चात मिष्ठान वितरण हुआ।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद द्वारा बॉर्डर–2 फिल्म का सामूहिक प्रदर्शन

**महासमुंद।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के सदस्यों एवं मातृ शक्ति द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्म "बॉर्डर–2" का सामूहिक अवलोकन किया गया। यह आयोजन 27 जनवरी को संध्या शो में विठोबा टॉकीज, महासमुंद में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद महासमुंद के अध्यक्ष, पूर्व सैनिक युवराज चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना रहा। फिल्म में प्रदर्शित सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण ने उपस्थित पूर्व सैनिकों, मातृ शक्ति एवं दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज, विशेषकर युवा वर्ग में देशभक्ति की भावना जागृत होती है और सैनिकों के बलिदान को सही सम्मान मिलता है। कार्यक्रम में परिषद के सदस्य, मातृ शक्ति एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### झंडातोलन ...



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्री महासमुंद द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झंडातोलन कार्यक्रम 9 :30 बजे लोहिया चौक में किया गया इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों के साथ समस्त व्यापारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इस कार्यक्रम के पश्चात चैंबर के परिवार से जुड़े नए सदस्यों का स्वागत अभिनंदन व आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण किया गया तत्पश्चात सवे- बूंदी का वितरण कर बच्चों और आम जनों को गणतंत्र दिवस की बधाइयां दी गई। उपस्थित चैंबर की कार्यकारिणी महासमुंद चैंबर अध्यक्ष अभिषेक बाफना, प्रदेश मंत्री बसंत लूनिया, मेहूल सूचक, संरक्षक रितेश गोलछा, राकेश झावक, उपाध्यक्ष–ताराचंद चांडक, दिलीप कृष्णानी, कोषाध्यक्ष–रवि राठी, सचिव–मोहित इसरानी उपस्थित थे।

### युकां प्रदेश प्रभारी का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद।** युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित सिंह पठानिया के नगर पालिका कार्यालय आगमन पर पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों एवं युकां कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। नपाध्यक्ष ने प्रदेश प्रभारी के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, गुलशन साहू, जितेंद्र देव नारायण ध्रुव, नीरज चंद्राकर, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, अब्दुल सूफियान, बिट्टू साहू आदि उपस्थित रहे।



### नर्रा सोसायटी में प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक ने फहराया तिरंगा

**नर्रा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पंक्र 1061 नर्रा में 77 वें गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राधिकृत अधिकारी कलाराम नायक ने राष्टपिता महात्मा गांधी व भारतमाता के छाया चित्र के समक्ष पूजा अर्चन व नारियल फोड़कर ध्वज फहराया। इस दौरान विजय शंकर निगम, उमेश जैन समिति प्रबंधक नाथूराम कुर्रे, सदाराम पटेल, चेतनलाल साहू, दुलेश्वर साहू, विजय साहू, उमेश पटेल, मिलाप विश्वकर्मा, राधेलाल, कमलेश साहू, पवन निषाद के अलावा कृषक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा में माता-पिता की भूमिका सबसे अहमः प्रकाश सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

विकासखंड बसना के बड़े टेमरी में

- सामुदायिक सहभागिता शिक्षक पालक सह माता उनमुखीकरण कार्यक्रम बड़े टेमरी में संपन्न

सामुदायिक सहभागिता शिक्षक पालक सह माता उनमुखीकरण कार्यक्रम बड़ेटेमरी में आयोजित हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रकाश सिन्हा जनपद सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग जपं बसना, अति विशिष्ट अतिथि सभापति मधु प्रेम खूंटे, दीपा अरुण साहू, मिलाप निराला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, बद्री विशाल जोल्हे विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना, अनिल सिंह साव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बसना, विशेष अतिथि प्राचार्य यज्ञ राम सिदार, पंचानंद ठाकुर प्राचार्य, हरे कृष्ण प्रधान, मनोज नायक, डमरूधर चौधरी, गिरिजा साहू, जितेंद्र बुडेक, रोहित पटेल समन्वयक, संतलाल पटेल समन्वयक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा ने बताया कि माता बच्चों की पहली गुरु होती है बच्चा जब स्कूल से घर लौटता है तो पारिवारिक रिश्तों में उनकी मां ही होती है जो बच्चे से उनके दिनभर की गतिविधि जानना चाहती है और प्रत्येक गतिविधि पर गंभीर होकर बच्चे को बताती है कि उसके लिए क्या सही है और क्या गलत है। सिन्हा ने अपने उद्बोधन में बताया कि वह जो कुछ भी है उसमें उनकी माता का, उनके गुरुजनों का संपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रम में माता उन्मुखीकरण के साथ-साथ पूर्व सैनिक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था जिसमें बसना क्षेत्र के लगभग 10 पूर्व सैनिक ने ड्रेस कोट व बैच के साथ अपनी उपस्थिति दी और पूरे कार्यक्रम में आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में मिलाप निराला, मधु खूंटे ने अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम का और शिक्षा विभाग बसना की भूरि-भूरि प्रशंसा किए।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी धूम रही। समग्र शिक्षा और शिक्षा विभाग द्वारा आगंतुक अतिथियों का शाल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत किया गया साथ ही पूर्व सैनिकों को भी शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया बसना विकासखंड में उल्लेखनीय करने वाले प्राचार्य, समन्वयक एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान शिक्षा विभाग के बद्री विशाल जोल्हे विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना, अनिल सिंह साव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बसना, प्राचार्यगण एवं संकुल समन्वयक ने महती योगदान दिया। उत्कृष्ट आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा ने बधाई दिए।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

क्रमांक/294/तह/वाचक/2026
बागबाहरा, दिनांक 23/1/2026
रा.मा.क्र.ब /121, वर्ष 2025-26
ग्राम कौसरा पहनं. 9
तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम कौसरा प.ह.नं. 09 रा.नि.म. तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी कुमार पिता कृपाराम जाति तेली निवासी ग्राम कौसरा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री कु. हेनिन साहू जाति तेली की जन्म दिनांक 21.2.2005 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 6/2/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या अपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा

# डोंगरगांव में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अरंड(पिथौरा)।** देश की 77 वे गणतंत्र दिवस डोंगरगांव में भी हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों का संयुक्त प्रभात फेरी निकाला गया। पूर्व माध्यमिक शाला में प्रभारी प्रधान पाठक कौतुक पटेल ने झंडा फहराया प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक भारती देव ठाकुर पंचायत भवन में सरपंच संजय खांडे ने फहराया। सामुदायिक भवन के पास सभी स्कूली बच्चों व ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया। इसके पश्चात प्राथमिक शाला प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि सरपंच संजय खांडे अध्यक्षता केश राम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति विशिष्ट अतिथि गुलशन बघेल अध्यक्ष कृषक सहकारी समिति मोंगरापाली राजकुमार साहू, पूर्व सरपंच चिंता राम बंजारा, केशव राम दीवान, लकेश्वर बंजारा, शंकर दीप, तेजन दीवान मंचस्थ थे। बच्चों द्वारा गीत कविता भाषण के साथ ही हिंदी छत्तीसगढ़ी व उड़िया गीतों में सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। जिसे दर्शको ने खूब सराहा व प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालय के शिक्षक पंचायत सचिव खेमराज चंद्राकर, श्यामलाल हरिपाल, खेमचंद निराला, गौरसिंह ठाकुर, मनीष दीवान, नेत्र कुमार दीवान, मोहित यादव, सुमित्रा सेन, देवलाल साहू आदि सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें व नागरिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्रभारी प्रधान पाठक कौतुक पटेल ने किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### बावनकेरा उर्स पाक की तैयारी जोरो पर

**महासमुंद।** प्रतिवर्षानुसार हर्षोल्लासपूर्वक मनाये जाने वाला बावनकेरा उर्स पाक की तैयारी में उर्स कमेटी मुस्लिम जमात एवं बावनकेरावासी जोरों से कर रहे हैं। ग्राम की ओर से सलीम अशरफी ने बताया कि इस वर्ष 6 एवं 7 फरवरी को बड़े धूमधाम से उर्स पाक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रदेश भर के गणमान्य एवं अंचल के सभी जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि उर्स के मौके पर बावनकेरा में दर्शनार्थियों का लाखों की तादाद में जमावड़ा देखने को मिलता है। जिला प्रसासन सहित नगर पालिका, स्वास्थ्य अमला, यातायात एवं पुलिस का विशेष योगदान होता है। वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक हजरत जाकिर शाह कादरी रहम तुल्लाह अलैह का उर्स (सालान जलसा) बड़े धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इस वर्ष उर्स का 68वां वर्ष है। इस अवसर प्रदेश सहित देश कोने कोने से श्रद्धालुओं का आगमन होता है और मुरादें पूरी कर घर वापस लौटते हैं।

इसकी व्यापकता और विशाल जन समुदाय की भीड़ को देखते हुये यातायात, पेयजल, आवास, भोजन, मेला स्थल आदि की चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है, जिससे आम जनमानस को कोई असुविधा न हो। मजार शरीफ एवं आसपास की साफ सफाई, लिपाई-पुताई रंगरोगन का कार्य जोरों पर है। दो दिवसीय इस आयोजक में विविध आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रुप से गरीब परिवारों को संकलित कर विवाह का कार्यक्रम 7 फरवरी को शाम 5 बजे हजारों की उपस्थिति में दरगाह शरीफ में चादर पोशी होगी।

### 3000 ऑडियो बुक्स का भव्य विमोचन

**महासमुंद।** दिव्यांगजनों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में 27 जनवरी को रायपुर स्थित लोक भवन, सिविल लाइन में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल छत्तीसगढ़, रमेन डेका के द्वारा दो महत्वपूर्ण ब्रेल पुस्तकों- दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी' एवं "छत्तीसगढ़ के वीर" का विधिवत विमोचन किया गया। इस दौरान जिले के कई शिक्षक भी शामिल हुए।

**सतर्कता : नपा अध्यक्ष ने किया मंगल भवन और वाटरहेड टैंक का निरीक्षण**

# मंगल भवन और वाटरहेड टैंक कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष

- गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने मंगल भवन और वाटरहेड टैंक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 15 में मंगल भवन 1 करोड 53 लाख की लागत से भवन का निर्माण कराया जा रहा है रेल्वे लाईन के उस पार किसी भी प्रकार बड़ा आयोजन करने हेतु बड़ा भवन नहीं होने कारण समस्या बनी रहती थी वार्ड 11-15 वासियों की मांग पर मंगल भवन का निर्माण कराया जा रहा है मंगल भवन में मांगलिक कार्य अन्य प्रकार के समारोह



आयोजित किए जा सकेंगे वही वार्ड क्रमांक 2 में पानी टंकी 43 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराया जा रहा है। इस टंकी में 2.50 लाख लीटर पानी स्टोरेज करने की क्षमता रहेगी, जिससे वार्ड में पानी से होने वाली समस्या से राहत मिलेगी और सभी घरों में शुद्ध पेयजल मिलेगा निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही बेहतर, सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराना है। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समतलीकरण और सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया गया। मुख्य नगरपालिका संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने दोहराया कि जनसेवा, विकास और विश्वास बागबाहरा नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है इस दौरान गिरीश चंद्रा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक अग्रवाल उप अभियंता रमेश ठाकुर पार्षद उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय रासेयो शिविर का जोगनीपाली से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत जोगनीपाली में सात दिवसीय विशेष शिविर का गरिमामय शुभारंभ किया गया। शिविर संयोजक कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के पूजन, वंदना और ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत और एनएसएस लक्ष्य गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति और सेवा के भाव से ओतप्रोत हो गया। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से एनएसएस बैज लगाकर और गुलाल के तिलक से किया गया। यह कार्यक्रम शिवकुमारी चौधरी कार्यकारिणी सरपंच, ग्राम पंचायत जोगनीपाली के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य अनिता पटेल ने अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय प्रधान, सदस्य सरोज सेठ, उपेंद्र साहू, शासकीय प्राथमिक शाला जोगनीपाली की प्रधान पाठक पद्मिनी सतपथी एवं पूर्व सरपंच मनोहर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि शिवकुमारी चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाज सेवा और अनुशासन की भावना विकसित करती है। प्राचार्य अनिता पटेल ने स्वयंसेवकों को शिविर के सात दिनों में अनुशासित रहकर स्वयं के विकास के साथ ग्रामीण विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। अन्य अतिथियों ने भी एनएसएस परिवार को अपनी शुभकामनाएं देते हुए इस सेवा कार्य की सराहना की।



इस उद्घाटन समारोह के साथ ही एनएसएस स्वयंसेवकों का यह सेवा सफर शुरू हो गया है, जिसमें वे ग्राम स्वच्छता, जागरूकता अभियान और बौद्धिक परिचर्चाओं के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अंजेला लकड़ा, दिलीप प्रधान, मोहनलाल दीवान, महेंद्र चौधरी, जयप्रकाश साहू, संजय पटेल, दुर्योधन सिदार तथा शिविर संगठक कौशल चौधरी, शिविर नायक जीतू साहू, शिविर उप दलनायक धर्मेंद्र भोई सहित स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

# लोहरीनडोंगरी में रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शासकीय प्राथमिक शाला लोहरिनडोंगरी में 77 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई प्राथमिक शाला के छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सुआ गीत, राउत नाचा एवं विभिन्न



छत्तीसगढ़ी एवं उड़िया गानों पर नृत्य किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजनी दास सरपंच ग्राम पंचायत पिपरोद थे अध्यक्षता बिमला पटेल उपसरपंच ग्राम पंचायत पिपरौद के द्वारा की गई कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नुंजराम पटेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला लोहारिनडोंगरी दिलीप सिदार पंच हेमंत होता पंच दुर्गेश पटेल पंच प्रेमशिला प्रधान खुलेना नाग पंच ग्राम लोहरिन डोंगरी थे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शिवनाथ पटेल, गिरधर पटेल, गुरुचरण पटेल, ठंडाराम यादव, यमुना पटेल, शुक्लाल नाग, देव नायक, लखे सिंह सिदार अंजना चौहान, परमानंद नन्द, कैलाश भोई, मनोज नंद, डोलामणि चौहान, जयश्री चौहान, प्रभा शालिनी चौहान, प्रेमशीला चौहान, सुशांत चौहान, बसंत कलेत, प्रियंका चौहान समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था की शिक्षिका निशा कुलदीप के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक तुलाराम राणा के द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से प्रसन्न होकर अतिथियों एवं ग्रामीणों के द्वारा बच्चों को कॉपी पेन गिलास कंपास बॉक्स एवं भारी मात्रा में नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चहक, उषा, अलका, आयुष, रागिनी, सस्मिता, तृषा, रोशन, सूर्या, साहिल, हिमांशु आदि बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। शाला परिवार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम कि सराहना ग्रामवासियों ने किया।

# शराब दुकान में हुई युवक की हत्या के मामले में अफसरों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते दिनों शराब दुकान में हुई युवक

- किसान मजदूर संघ ने की कार्रवाई की मांग

की हत्या के मामले में जिले के आबकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किसान मजदूर संघ ने की है।

किसान मजदूर संघ के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने बताया कि महासमुंद से बागबाहरा पहुंच राष्ट्रीय राजमार्ग 353 के पास में 30 मीटर की दूरी पर देशी शराब दुकान अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। किसान मजदूर संघ द्वारा कलेक्टर के समक्ष 07.08 2024 को सर्वोच्च न्यायालय भारत नई दिल्ली के आदेश के अनुपालन में ग्राम खैरा के देशी शराब दुकान को राष्ट्रीय राजमार्ग 353 से 500 मीटर दूर स्थापित करने के आदेश हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन पर जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल के द्वारा सूचित किया गया है कि महासमुंद नगर में सवालित देशी शराब दुकान को स्थांतरित कर ग्राम खेरा में स्थापित किये जाने के संबंध में वृत्त प्रभारी अधिकारी के द्वारा देशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड का निरीक्षण कर प्रतिवेदित किया गया है कि मदिरा दुकान संचालित भवन/भूमि नगर पालिका परिषद महासमुंद को स्टेशन रोड में ही स्थित होना पाया है। दस्तावेजों का परीक्षण में भूमि स्वामी रामदेव साहू के नाम से है जिसे माह फरवरी 2024 से 25000 रु मासिक भुगतान किया जा रहा है। नपा क्षेत्र के अंतर्गत होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग से दूरी संबंधी प्रावधान लागू नहीं होता है। वृत्त प्रभारी अधिकारी /उपनिरीक्षक आबकारी मुकेश वर्मा के द्वारा दिनांक 30.08.2024 को तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें भूमि स्वामी रामदेव साहू का ग्राम महासमुंद रा निम एवं तहसील व जिला महासमुंद के परिवर्तित भूमि ख.न 2063/2 रकबा 0.073 (7020) वर्गफुट) को किराया पर लिया जाना लेख किया गया है। लेकिन, ग्राम खैरा में अवैध रूप से संचालित देशी शराब दुकान में 19 जनवरी 2026 की शराब उपभोक्ता जितेंद्र कुमार साहू पिता धनेश साहू ग्राम शेर निवासी 23 वर्षीय युवक की अन्य उपभोक्ता दिलीप बघेल उर्फ भैरा, अरुण उर्फ छोटू कुम्हार एवं एक नाबालिग के द्वारा बुरी तरह पिटाई कर धारदार चाकू से हत्या कर दी गई। किसान मजदूर संघ का कहना है कि अवैध देशी शराब दुकान संचालित करने एक उपभोक्ता की हत्या के लिए फरवरी 2024 से पदस्थ सभी आबकारी अधिकारी अधिकारी उत्तरदायी है। ऐसे में सभी जिला आबकारी अधिकारियों के विरूद्ध कलेक्टर जिला महासमुंद के द्वारा सिटी कोतवाली महासमुंद में एफआईआर दर्ज कराया जाना चाहिए।

# कोमाखान हॉस्टल के अजा अजजा विद्यार्थियों के साथ मिलकर मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

प्री मैट्रिक आश्रम हॉस्टल कोमाखान में मिडिल और हाई स्कूल के बच्चों के साथ कल गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, कबीर फुले बिरसा लाइब्रेरी और विज्ञान आश्रम कसेकेरा द्वारा देश का इतिहास, भूगोल, समाज विज्ञान और डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की लिगेसी पर



केंद्रित गणतंत्र दिवस क्विज का आयोजन किया गया। इसमें 52 स्टूडेंट्स ने भागीदारी की और संविधान निर्माण, स्वतंत्रता आंदोलन, शहीदों के इतिहास, जातीय भेदभाव और असमानता के खिलाफ संवैधानिक प्रावधान, स्वास्थ्य, अंधविश्वास, खगोल विज्ञान, भाषा विज्ञान, छत्तीसगढ़ का इतिहास भूगोल आदि से संबंधित सवालों के जवाब देकर पुरस्कार हासिल किया। क्विज का संचालन पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर शासकीय देवरी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मा. डी एस टंडन द्वारा विद्यार्थियों को बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पढ़ाई लिखाई हेतु किए गए कठिन संघर्षों की याद दिलाई गई और बाबासाहेब की तरह संघर्ष करते हुए वैज्ञानिक, जज, कलेक्टर कमिश्नर, डाक्टर इंजीनियर, कर्नल, ब्रिगेडियर, पायलट, मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रपति और यूनिवर्सिटी के कुलपति बनने की प्रेरणा दी कार्यक्रम की शुरुआत में कसेकेरा मिडिल स्कूल के हेड मास्टर डॉ विजय शर्मा द्वारा अतिथियों का परिचय कराते हुए गणतंत्र दिवस की प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए अच्छी पढ़ाई करने वाले हॉस्टल के पूर्व छात्रों के बारे में बताया गया। पूर्व हॉस्टल सुप्रिटेंडेंट दिनेश दीवान और विज्ञान आश्रम से उषा मेश्राम ने भी बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरणा दी। उन्हें सभी तरह की शैक्षणिक सामग्री, किताबें, उच्च शिक्षा के अवसर और जरूरत होने पर फीस की व्यवस्था के लिए भी आश्वस्त किया गया।



### कोमाखान कॉलेज में वार्षिक खेलकूद

**कोमाखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में 23 एवं 24 जनवरी 2026 को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को बढ़ावा देना तथा उनमें खेल भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा, डॉ. भूमिका शर्मा और आदिल अहमद (क्रीड़ा अधिकारी) के द्वारा किया गया। उद्घाटन पीयूष तांडेय (सहायक प्राध्यापक, हिंदी ) द्वारा खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता में रस्साकशी, क्रिकेट, खो-खो, एथलेटिक्स, 100 मीटर, गोला फेंक एवं भाला फेंक जैसी अनेक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। खेलों से ही जीवन में संघर्ष करने की शक्ति मिलती है। दो दिनों तक चले इस आयोजन में खेल समिति, रेडक्रॉस स्वयंसेवकों एवं स्टाफ सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया। निर्णायकों ने निष्पक्ष रूप से प्रतियोगिताओं का संचालन किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर बड़ेटेमरी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

बसना विकासखंड के सरस्वती शिशु मंदिर बड़ेटेमरी में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 27 जनवरी को 2026को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्र संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती माता, ओम, और भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर प्रधान (वरिष्ठ आचार्य भूकेल), अध्यक्षता संतोष पटेल (संयोजक), विशिष्ट अतिथि लछमोती पटेल(उपसरपंच ग्रा.प. बड़ेटेमरी), रत्थुराम डडसेना, रैन सिंह जगत, बद्रीप्रसाद पटेल (उपसरपंच प्रतिनिधि बड़ेटेमरी), नरेश साव, बिसीकेशन साव, दुकालू जगत, शुकदेव महालिंग, जितेंद्र बेहरा, भोला प्रसाद सामल (एमएस बड़ेटेमरी प्रधान पाठक), चंपत लाल चौधरी ( शिक्षक), वारिश कुमार (पीएस बड़ेटेमरी प्रधान पाठक), नीलम कुमार (सहायक शिक्षक), इंदु पटेल,



पुष्पलता जगत, शाहीद हुसैन, सोमनाथ, शौकत अली विशिष्ट अतिथि थे। समस्त अतिथियों का खिरोदिनी साव द्वारा तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज स्वागत गीत के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने भैया बहनों ने जबरदस्त प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिए। उपस्थित अतिथियों और जनसमूह ने ताली बजाकर उत्साहवर्धन कर प्रतिभागियों के हौसले को और बुलंद कर दिए। प्रतिभागियों को अपने कला का प्रदर्शन करने का अच्छा मंच मिला था। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच संचालन ललितपुर के प्रधान पाठक गफ्फार खान ने बेहतरीन अंदाज से किया। सांस्कृतिक कार्यकम में पदमिनी जगत, खिरोदिनी साव, मनीषा जगत, कुसुम देवता का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नारी शक्ति बिलकिस बानो, महेंद्री डडसेना, ललिता साव, नाजिया बेगम, सुप्रिया देवता, सुनीता साहू, गीता साव, फरीदा बानो, शाहीन बानो, नीता जगत, यशोवंती जगत, पीली बाई जगत, हलीमा अली, हेमकांति, अनुछाया आदि बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित थे।

**प्रकाश ने सेवा, विकास और संविधान का संदेश देते हुए कई जगहों में किया ध्वजारोहण**

# सभापति बनने के बाद पहली बार प्रकाश ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बसना अंचल में देशभक्ति, गरिमा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। शासकीय, सामाजिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा ने जनपद पंचायत कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय, गोविंद हॉस्पिटल, ग्राम पंचायत कुड़ेकेल एवं ग्राम जमड़ी सहित अनेक स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता कर तिरंगे को नमन किया।

जनपद पंचायत बसना कार्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अध्यक्ष डिलेस्वरी निराला द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में सभापति प्रकाश सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और जवाबदेह प्रशासन ही मजबूत भारत की नींव हैं।

उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाती है और यहीं से विकास की सही दिशा तय होती है. साथ ही बसना नगर स्थित गोविंद हॉस्पिटल में भी गणतंत्र दिवस के अवसर



पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान हॉस्पिटल प्रबंधन, डॉक्टरों एवं समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए सिन्हा ने कहा कि मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं ही सशक्त समाज और सुदृढ़ राष्ट्र का आधार होती हैं।

वहीं ग्राम पंचायत कुड़ेकेल में सरपंच भरत डडसेना एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर लंबे समय से सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात की गई। ग्रामीणों की एकता, धैर्य और संघर्ष का परिणाम रहा कि अब सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिससे पूरे गांव में हर्ष और उम्मीद का माहौल देखने को मिला। कूड़ेकेल स्कूल परिसर तथा नगर पंचायत बसना द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता की गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग में पहली बार किया ध्वजारोहण निर्वाचित होने के उपरांत सभापति बनने के बाद पहली बार महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए प्रकाश सिन्हा ने मातृशक्ति, परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सेवा-भाव की सराहना की। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए इस दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

